# समुद्र नमकीन क्यों होता है?

पृथ्वी का 97 % जल समुद्र में होता हैं, परंतु इसको हम पेयजल के रूप में क्यों प्रयोग नहीं करते ? समुद्र का जल नमकीन होता है इसीलिए इसके कुछ सीमित ही लाभ हमें प्राप्त हो पाते हैं। यह नमकीन क्यों होता हैं? उत्तर बहुत ही आसान है। महासागरो के नमक का स्रोत, ज़मीन में स्थित चट्टानें हैं। कार्बन डाइऑक्साइड जैसी गैसों के कारण बारिश प्रकृति थोड़ा अम्लीय होती हैं। यह बारिश का पानी पृथ्वी पर उप्स्तिथ चट्टानों का क्षय करता है , और नदियों के माध्यम से इन घुलनशील रसायनों को, अंततः महासागर में ले जाता है। यह प्रक्रिया हजारों वर्षों से चल रही है। समय के साथ, नमक की एकाग्रता, बार बार वाष्पीकरण और नदियो द्वारा नमक के क्षपण के कारण बढ़ती रहती है ।



अगला तथ्य>>

**समुद्र की लहर कितनी ऊँची हो सकती है?**